हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 26 जुलाई 2025

04 सात प्रतिष्ठानों पर नहीं पाए गए अग्नि शमन यंत्र...


07 क्षेत्र में इस वर्ष अच्छी हुई वर्षा केथन डेम का बढ़ा जल...




## चरणतीर्थ घाट पर डूबे युवक का शव 3 दिन बाद 12 किमी दूर बंधेरा के पास से बरामद

**3 दिन में गल गया शव:** नदी में पानी अधिक होने के कारण टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा, महिला सीमा रायकवार ने डिस्ट्रिक्ट रेस्क्यू कंट्रोल को दी थी सूचना

- 23 जुलाई की शाम को नदी में चरणतीर्थ घाट पर डूबा शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा नदी के चरणतीर्थ घाट पर तीन दिन पूर्व डूबे युवक का शव शुक्रवार को ग्राम बंधेरा के पास बरामद हो गया है।

मृतक की पहचान राहुल मालवीय उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई है। जो 23 जुलाई को घाट पर हाथ धोते समय पैर फिसल जाने से नदी में डूब गया था। घटना की जानकारी मौके पर मौजूद महिला सीमा रायकवार द्वारा डिस्ट्रिक्ट रेस्क्यू कंट्रोल को दी गई थी।

सूचना मिलते ही डीआरसी द्वारा तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया और मुख्यालय को भी अवगत कराया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में एसडीईआरएफ की टीम मोटर बोट, रस्सी, लाइफ बॉय, सोनार, जैकेट आदि के साथ मौके पर रवाना पहुंची।



विदिशा। तीन दिन तक टीम ने बेतवा में चलाया रेस्क्यू अभियान।

### युवक को खोजने तीन दिन तक इस तरह चलाया गया रेस्क्यू

पहले दिन 23 जुलाई की रात 10 बजे तक सर्चिंग की गई, लेकिन अधिक अंधेरा और तेज बारिश के कारण अभियान रोकना पड़ा। अगले दिन 24 जुलाई को सुबह 6:30 बजे से फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ने और लगातार बारिश के चलते जवानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पूरे दिन प्रयासों के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिला। तीसरे दिन 25 जुलाई को फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर ग्राम बंधेरा के पास नदी में एक शव दिखाई दिया है। प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के नेतृत्व में टीम तत्काल मृतक के परिजनों के साथ बंधेरा रवाना हुई और युवक के शव को बरामद कर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द किया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों सौरभ, देवेन्द्र किलोरिया, संजय अहिरवार, अभिषेक यादव, कमल वर्मा, देवेंद्र परमार, ऋषभ अहिरवार, राजेश अहिरवार, जीवन सिंह और मोहन की सराहनीय भूमिका रही। प्रशासन ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए सभी बचाव दलों के प्रयासों की सराहना की है।

### खबर संक्षेप

#### जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष बने नितिन माहेश्वरी



**विदिशा।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक राधिका रेस्टोरेंट में हुई। बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारी, सदस्य और वरिष्ठ खेलप्रेमी उपस्थित रहे। बैठक मप्र एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमानत खान के मार्गदर्शन में हुई। बैठक के दौरान संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया विधिवत रूप से पूरी की गई। सर्वसम्मति से नितिन माहेश्वरी को संगठन का नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं लालता प्रसाद तिवारी को पुनः सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई और राजेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

#### महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**ग्यारसपुर।** मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में युवा परिवर्तन सेवा समिति मणिपुर के माध्यम से चयनित नवांकुर सखी बहनों की कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं को पौधे वितरित कर उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन व प्रसादी वितरण जैसे सांस्कृतिक आयोजन हुए। समन्वयक स्वदेश आचार्य ने पौधरोपण में जनभागीदारी का महत्व बताया। संस्था प्रमुख शैलेंद्र रघुवंशी ने बताया कि विकासखंड के प्रत्येक सेक्टर में हरियाली अभियान संचालित हो रहे हैं। इस अवसर पर सरपंच राजू कुशवाह, पंच भागवत लोधी मौजूद रहे।

#### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत एनसीसी कैडेट्स एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा गुलमोहर, अशोक, कदंब, बेल, नेम सहित विभिन्न पौधे रोपे गए। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया व श्रमदान कर छात्राओं को प्रेरित किया। एनसीसी कैडेट्स ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर की सफाई व खरपतवार हटाने का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनीता प्रजापति व नीतू दांगी ने किया। छात्राओं ने पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

#### वरुण चौबे बने भारतीय पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष



**कुरवाई।** वरिष्ठ पत्रकार वरुण चौबे को एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट द्वारा भारतीय पत्रकार संघ मप्र के विदिशा जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। यह मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने उज्जैन अध्यक्ष विजय मीना की अनुशंसा पर किया। इस अवसर पर विधायक हरि सिंह सप्रे ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पत्रकारों व गणमान्यों ने चौबे का अभिनंदन किया।

#### हरियाली यात्रा से दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश

**कुरवाई।** विकासखंड के ग्राम जरगुवा में हरियाली अमावस्या पर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। रामप्रयास समाज कल्याण समिति अध्यक्ष बलवीर प्रजापति के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के समन्वयक आशीष जैन ने पर्यावरण संरक्षण में नवांकुर सखियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। जनपद सदस्य दीपचंद सप्रे, सरपंच संजय राठौर और भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दीनदयाल कुशवाह ने पौधारोपण के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, माल्यार्पण और स्वागत भाषण हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में नवांकुर सखी एवं ग्रामीण शामिल हुए।

**जिला पंचायत की बैठक:** जनहित के मुद्दों पर चर्चा में प्रशासनिक लापरवाही पर फूटा गुस्सा

## 260 किमी सड़कों को मंजूरी, जिपं की सामान्य सभा में उठे जनहित के कई मुद्दे

ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को यह खबर सुकून देने वाली है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में 260 किलोमीटर लंबाई की नई सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। अब कई गांवों को सड़कों से जोड़ा जाएगा। यह ऐसे गांव में हैं जहां बारिश के दौरान ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।


विदिशा। जिला पंचायत में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गीता कैलाश रघुवंशी ने की।

इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि जिले में 260 किमी की सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिली है। बैठक में ग्रामीण विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार, योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक जवाबदेही व जनहितकारी मुद्दों पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग-146B पर यातायात के दबाव को देखते हुए बालाजी पैराडाइज से जुड़ने वाली नंबर गली 5 और कपूर गार्डन से गुराड़िया हवेली मार्ग के लिए अंडरपास की मांग पर बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ। अध्यक्ष ने कहा कि यातायात और सुरक्षा के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करें, योजनाओं की निगरानी रखें और संबंधित अधिकारियों से समय-सीमा में जवाबदेही सुनिश्चित कराएं।

### मुक्तिधाम निर्माण में लापरवाही पर नाराज़गी

बैठक में अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने सर्व-सुविधायुक्त मुक्तिधामों के निर्माण में हो रही देरी पर गहरी नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि पूर्व में स्पष्ट निर्देश देने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होना लापरवाही का परिचायक है। उन्होंने चेतावनी दी कि संबंधित सचिवों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### निर्देशों की अनदेखी पर सख्त रुख अपनाया

बैठक के दौरा जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि पंचायतों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व में कई निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनका पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह रवैया जारी रहा, तो जिला पंचायत कानूनी कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### बैठक में उठाई प्रशासनिक लापरवाही की बात

सभा में कृषि स्थायी समिति के सभापति एवं जिला पंचायत सदस्य धनराज डांगी ने प्रशासनिक लापरवाहियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को अध्यक्ष के माध्यम से संचालित किया जाना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्तर पर। दांगी ने यह भी कहा कि पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। उन्होंने परसुखेड़ी पंचायत में लंबित शिकायतों का मुद्दा उठाया, जिस पर अध्यक्ष ने तत्काल जांच शुरू करने के निर्देश दिए।

### 162 नई सड़कों का होगा निर्माण

जिला पंचायत की सामान्य सभा में शुक्रवार को 162 नई सड़कों के निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई है, जिसकी कुल लंबाई 250.62 किलोमीटर होगी। यह प्रस्ताव अब अंतिम अनुमोदन और बजट स्वीकृति के लिए कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भेजा जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गीता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि यह स्वीकृति 2011 की जनगणना के आधार पर 250 से अधिक जनसंख्या वाली बसाहटों को जोड़ने के लिए दी गई है। श्रीमती रघुवंशी ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार जैसे क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व गति आएगी। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्य शीघ्रता से प्रारंभ किया जाए।

**प्रस्तावित सड़कें**

| | |
|---|---|
| नटेरन | 51 सड़कें |
| लटेरी | 41 सड़कें |
| सिरोंज | 25 सड़कें |
| ग्यारसपुर | 15 सड़कें |
| विदिशा | 11 सड़कें |
| कुरवाई | 10 सड़कें |
| बासौदा | 9 सड़कें |
| कुल सड़कें | 162 किमी |
| कुल लंबाई | 250.62 किलोमीटर |

#### शिव-हनुमान मंदिर में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ शातिर चोर

**विदिशा।** श्रीनगर कॉलोनी लालधाऊ स्थित हनुमानजी और भगवान शिव के मंदिर में बीती रात चोरी की वारदात हो गई। शुक्रवार सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो वहां का ताला टूटा हुआ पाया गया। मंदिर से पीतल की गदा, शिवलिंग पर चढ़ा तांबे का सर्प, गरुड़ प्रतिमा और घंटियां गायब थीं। चोर मंदिर में रखी दान पेटी को भी उठा ले गया। घटना की जानकारी स्थानीय निवासी अनिल तिवारी ने पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात 9 बजे उन्होंने प्रतिदिन की तरह मंदिर में आरती कर ताला लगा दिया था। शुक्रवार सुबह मंदिर खोलने पर चोरी का पता चला। पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी से मिले फुटेज में एक मंदिर के आसपास सुबह 3 से 3:30 बजे के बीच संदिग्ध गतिविधियों में दिखाई दे रहा है। दो दिन पहले पास के आरएमपी नगर स्थित शिव मंदिर में भी इसी तरह ताला तोड़कर चोरी की गई थी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

#### एसडीएम ने दिया पटवारी सचिव, जीआरएस और कोटवार को नोटिस

**ग्यारसपुर।** सीहोद पंचायत के अंतर्गत चक्क सीहोद में श्मशान घाट के रास्ते तक सड़क न होने, श्मशान घाट पर टीन शेड न होने की सूचना एसडीएएम मनोज कुमार उपाध्याय को न देने पर हल्का पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक, कोटवार को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा गया है। नोटिस का जवाब न देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## किसान की शिकायत पर कीटनाशक दुकान की जांच, अधिकारियों को सब कुछ ओके मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के एक स्थानिक कृषक की शिकायत पर महेश मशीनरी एवं कृषि सेवा केंद्र की जांच कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई। किसान ने आरोप लगाया था कि दुकान से बिना बिल के अमानक कीटनाशक दवा बेची गई है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ग्यारसपुर ने जांच रिपोर्ट जिला मुख्यालय विदिशा को भेजी थी।

शुक्रवार को इस प्रकरण में सहायक संचालक अविना सिंह परिहार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अशोक सिंह कौरव, कीटनाशक निरीक्षक, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल तथा कृषि विकास अधिकारी आशीष आर्य की संयुक्त टीम ने कृषि सेवा केंद्र पर औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण शिकायतकर्ता की उपस्थिति में किया गया। जांच के दौरान दुकान में रखे गए सभी कीटनाशकों एवं उर्वरकों की गुणवत्ता, लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक, प्रदर्शन बोर्ड आदि की विस्तृत जांच की गई। टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर आवश्यक सैंपल भी परीक्षण के लिए एकत्र किए। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ग्यारसपुर ने बताया कि दुकान में अधिकृत



कंपनियों की ही दवाएं पाई गईं। जांच में दस्तावेज और रजिस्टर भी सही पाए गए। चार दिन पहले जो दवा किसान को दी गई थी, वह दुकान के कर्मचारियों द्वारा दी गई थी। अब दुकान स्वामी ने स्वयं किसान को नियमानुसार दवा प्रदाय की, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट है। कृषि विभाग की टीम ने दुकान संचालक को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो। अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए स्वयं दुकान संचालक जिम्मेदार होंगे। यह कार्रवाई किसान हित में त्वरित प्रतिक्रिया और पारदर्शिता का उदाहरण है, जिससे क्षेत्रीय कृषकों में विभाग के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

#### 247 घरों की जांच, 16 में लार्वा मिला, एक डेंगू पॉजिटिव मरीज की पुष्टि

**विदिशा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा लार्वा सर्वे, जनजागरूकता एवं कीटनाशक छिड़काव किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य अमला, नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं और विभिन्न टीमों के संयुक्त प्रयास से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे और दवाओं का छिड़काव किया गया। अभियान के तहत 247 घरों में 1801 कंटेनरों की गहन जांच की गई। इनमें से 16 घरों में एडीज मच्छर का लार्वा पाया गया, जिसे तत्काल कीटनाशक दवा के माध्यम से नष्ट कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सप्ताह में कम से कम एक बार अपने घर के कूलर, टंकियों, गमलों, पुराने टायरों, पक्षी व पशु जल पात्रों आदि की सफाई अवश्य करें और खुले जल स्रोतों को ढंककर रखें। जिन कंटेनरों को ढंकना संभव नहीं है, उनमें मीठा तेल डालने की सलाह दी गई है। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, चकत्ते, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव जैसे लक्षणों की स्थिति में तत्काल डॉक्टर से सलाह लें।

## यह कैसा नशा मुक्ति अभियान! नटेरन के 52 गांवों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

### पुलिस, आबकारी विभाग को नहीं खबर, ठेकेदारों के लोग गांव-गांव पहुंचा रहे नशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन

एक तरफ सरकार नशे से दूरी है ज़रूरी जैसे अभियान चला रही है। वहीं दूसरी ओर नटेरन तहसील के दर्जनों गांवों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।

हालात यह हैं कि शराब खरीदने वालों को अब दुकानों तक भी जाने की ज़रूरत नहीं पड़ रही, क्योंकि ठेकेदारों के कर्मचारी खुद गाड़ियों में शराब भरकर गांवों तक पहुंचा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार नटेरन व शमशाबाद के करीब 52 गांवों में अवैध शराब की सप्लाई हो रही है। एक वायरल पत्र में गांवों के नामों के साथ शराब बेचने वालों के नाम भी दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि करीब 200 से अधिक लोग इस तस्करी में शामिल हैं। देशी शराब का कारोबार यहां जोरों पर है। देशी प्लेन का क्वार्टर 100 रुपए और लाल का 120 रुपए में बेचा जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जहां एक ओर प्रशासन जागरूकता रैलियां निकाल रहा है, वहीं आबकारी विभाग और पुलिस को इस पूरे मामले की भनक तक नहीं है और वे सिर्फ शिकायत का इंतज़ार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह धंधा ठेकेदारों की मिलीभगत से चल रहा है और इसमें शामिल तस्करों को मोटा कमीशन दिया जाता है।

### इन गांवों में धंधा खूब जोरों पर चल रहा

सतपाड़ा सराय, खेजड़ा सुल्तान, पोरूखेड़ी, लाड़पुर, बम्होरी, मरखेड़ा, झिरी, गोलना, जीरापुर, किशनपुर जैसे गांवों में यह धंधा वर्षों से फल-फूल रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आबकारी विभाग और पुलिस शराब दुकानों के खुलने-बंद होने के नियम का भी पालन नहीं करा पा रही। एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी का कहना है कि यदि किसी स्थान पर अवैध शराब की जानकारी मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने दो दिन में कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।




**विरोध में बोले: सड़कें नहीं, अब गड्ढों का शहर बन गया विदिशा**

## कांग्रेस ने गड्ढे में लोटकर किया खराब सड़कों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर की बदहाल सड़कों और जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढों से परेशान होकर कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को गड्ढों में लोटकर प्रदर्शन किया।

नगरपालिका कार्यालय के सामने नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने गड्ढों में साष्टांग पिंड भरकर प्रशासन के खिलाफ नाराज़गी जाहिर की। कांग्रेस नेताओं ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि विदिशा की सड़कों की हालत


विदिशा। शहर की खराब और गड्ढों भरी सड़कों को दुरुस्त करने की मांग करते हुए कांग्रेसी गड्ढों में लेट गए।

बदतर हो चुकी है। शहर में सड़कें कम, गड्ढे ज्यादा हैं। दुर्घटनाएं रोज हो रही हैं, लेकिन नगरपालिका सड़कों में सुधार नहीं करा रही। जनता से टैक्स तो लिया जा रहा है, लेकिन मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रहीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है। विदिशा जिले के सभी विधायक भी भाजपा से हैं, फिर भी विकास नदारद है। जब तक सड़कों के गड्ढे नहीं भरे जाएंगे। विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा कि बरसात में घरों में पानी भर जाता है, समय पर सफाई नहीं होती, नालों की सफाई नहीं की गई। जनता कई वर्षों से परेशान है, इसलिए हमने पिंड दान कर इस मृतप्राय सिस्टम का अंतिम संस्कार किया है।

कांग्रेस नेताओं ने घोषणा की कि आगामी 26 जुलाई को शहर की प्रमुख समस्याओं को लेकर माधवगंज में धरना दिया जाएगा। इस विरोध कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष बेहत, सुजीत देवलिया, राजेश दुबे, अर्पित उपाध्याय, पर्वत गौड़ सहित कई नागरिक और व्यापारी भी शामिल हुए। शहरवासियों ने भी कांग्रेस नेताओं के इस प्रतीकात्मक विरोध का समर्थन किया और नगर पालिका से शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की।

## जिला कार्यकारिणी की बैठक में पर्यटन विकास पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा की पुरातत्व, पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के ऐतिहासिक स्थलों को अधिक प्रचारित करने, पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने तथा युवाओं और विद्यार्थियों को पर्यटन से जोड़ने पर जोर दिया गया।

बैठक में टूरिज्म मास्टर प्लान तैयार करने, सांची आने वाले पर्यटकों को विदिशा की ओर आकर्षित करने हेतु होर्डिंग लगाने, पर्यटक रूट तैयार कर बस सेवाएं उपलब्ध कराने और पर्यटन स्थलों का बुकलेट, पोस्टकार्ड व विज्ञापन के माध्यम से प्रचार करने के निर्णय लिए गए। इसके अलावा, एडवेंचर कैंप, सांस्कृतिक महोत्सव और फूड फेस्टिवल जैसे आयोजनों के साथ प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पेयजल, शौचालय, पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित करने पर चर्चा हुई। होटल व्यवसायियों, गाइडों और स्वयंसेवी संगठनों से समन्वय स्थापित कर पर्यटन को नई दिशा देने का निर्णय भी लिया गया। रेलवे स्टेशन पर फोटो गैलरी लगाने और नए पर्यटन स्थलों की संभावनाएं तलाशने पर भी विचार किया गया।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2775
उच्चतम भाव- 2775
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2469
उच्चतम भाव- 2710
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2485
उच्चतम भाव-2485
चना
न्यूनतम भाव-4760
उच्चतम भाव-6100
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3650
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2830
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6730
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-8000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-4552
मूंग
न्यूनतम भाव-2030
उच्चतम भाव-7600
उड़द
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-5610
धनिया
न्यूनतम भाव-6290
उच्चतम भाव-6581
बटरी
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3800
अलसी
न्यूनतम भाव-6700
उच्चतम भाव-6700

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 3292 बोरे उपज की आवक हुई।

# शिवलिंग विसर्जन करने गई महिला उफनती बेतवा नदी में बही

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार की शाम को बेतवा नदी के गंज पुल पर पार्थिव शिवलिंग विसर्जन करने गई महिला पैर फिसलने से उफनती बेतवा नदी में जा गिरी। घटना के बाद महिला को बचाने एक युवक भी नदी में कूदा, लेकिन भंवर में फंसने से उसे कुछ देर बाद ही लौटना पडा। जबकि महिला तेज बहाव में बहती चली गई। उधर इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने महिला को तलाशने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुटर्रा निवासी स्व जसवंत सिंह दांगी की पत्नी 45 वर्षीय राजकुमारी दांगी और उनके परिजनों ने घर में शिवलिंग निर्माण कर शिर्वाचन किया था। शुक्रवार की शाम को वे परिवार के अन्य लोगों के साथ बेतवा नदी के गंज पुल पर पार्थिव शिवलिंग विसर्जन करने पहुंची थीं। इस दौरान वे शिवलिंग को पुल के किनारे रखकर चप्पल उतारकर पूजन अर्चन कर विसर्जन कर रही थीं, तभी अचानक अनियंत्रित होकर वे उफनती बेतवा नदी में जा गिरीं। उनके नदी में गिरते ही एक युवक तुरंत उन्हें बचाने नदी में जा



कूदा,लेकिन नदी का बहाव तेज होने से राजकुमारी दूर बह चुकी थीं, जबकि उन्हें बचाने कूदा युवक काफी पीछे था। इस बीच नदी की भंवर में फंसने से युवक स्वयं को बचाने के लिए किसी तरह नदी से बाहर निकल आया और महिला तेज बहाव में बहती हुई आगे निकल गईं।

इस बीच महिला के परिजनों ने पुलिस और प्रशासन को सूचित किया, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्परता से महिला की तलाश शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक महिला की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

यहां उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष उफनती बेतवा नदी के बर्री घाट पुल से भी एक महिला नदी में जा गिरी थी, जो तेज बहाव में बहते हुए पहले गंज पुल के पास निर्माणाधीन पुल के पिलर में अटक गई थी। जहां से सुबह रेस्क्यू कराते समय फिर से नदी में बह गई थी और आगे जाकर जालफा के पास वह नदी किनारे एक पेड को पकडकर बहने से रूक गई थीं और ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालकर बचा लिया था। अब इस मामले में भी लोग ऐसे ही किसी चमत्कार की उम्मीद लगाए हैं।

### बजाज मशीनरी में आग की घटना के बाद प्रशासन ने शुरू की जांच

# सात प्रतिष्ठानों पर नहीं पाए गए अग्नि शमन यंत्र, होगी कार्रवाई


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पिछले दिनों नेहरू चौक क्षेत्र में बजाज मशीनरी पर हुई अग्नि दुर्घटना के बाद कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम विजय राय ने ऐसे प्रतिष्ठानों, गोदामों, दुकानों की जांच के लिए जांच दल गठित किया है, जिनमें अग्निशमन यंत्र या संभावित दुर्घटना से बचाव के उपाय हैं या नहीं यह जांच करेगा। इस दल ने शुक्रवार को नगर के कई प्रतिष्ठानों, दुकानों, गोदामों, ट्रांसपोर्ट आदि की जांच की।

जिसमें 7 प्रतिष्ठानों पर अग्निशमन यंत्र ही नहीं पाए गए, 4 पर पर्याप्त मात्रा में नहीं मिले और 2 प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध यंत्रों पर वैद्यता अंकित नहीं पाई गई और कुछ के पास पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं पाए गए। अब प्रशासन इन सभी को नोटिस जारी कर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

यहां उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा सभी प्रतिष्ठानों, दुकानों, गोदामों में अग्नि शमन यंत्र लगवाने के निर्देश हैं। इसके बावजूद ज्वलनशील पदार्थों के संग्रहण वाले स्थानों पर भी आग की त्वरित रोकथाम के लिए अग्निशमन यंत्र नहीं हैं। पिछले दिनों हुई भीषण अग्नि दुर्घटना के बाद एसडीएम विजय राय के निर्देश पर शुक्रवार को टीम ने घमंडीलाल मूलचंद अग्रवाल, मेहुल ट्रेडर्स, अग्रवाल कृषि सेवा केन्द्र, डाबा कपडा दुकान, गंगा हार्डवेयर, मीनू जनरल स्टोर, शाह मशीनरी, विजय ट्रांसपोर्ट, डागा ब्रदर्स, सुखानंद किराना दुकान, वर्धमान एजेंसी, ओम हार्डवेयर फायर वर्क गोदाम, गंगा हार्डवेयर गोदाम, मोदीगनी ट्रेडर्स आदि की जांच की। इस दौरान 7 प्रतिष्ठानों पर अग्निशमन यंत्र ही नहीं पाए गए, 4 पर पर्याप्त मात्रा में नहीं मिले और 2 प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध यंत्रों पर वैद्यता अंकित नहीं पाई गई और कुछ के पास पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं पाए गए। अब इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है। साथ ही प्रशासन द्वारा बनाए गए अधिकारियों के दल द्वारा आगे भी नगर के अन्य प्रतिष्ठानों, गोदामों और दुकानों पर अग्निशमन यंत्रों एवं सुरक्षा प्रबंधों की जांच जारी रहेगी।









## प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर किया नगरपालिका अध्यक्ष का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव को पिछड़ा वर्ग महापंचायत मध्य प्रदेश का प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर श्री विश्वकर्मा वंशी सेना के पधादिकारियों ने उनके निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव का फूल मालाओं एवं शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। बधाई देने वालों में शिव चरण पांचल, राजनारायण विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, भूपत विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, किशन लाल विश्वकर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा,भबूती विश्वकर्मा, बलराम विश्वकर्मा, पूरन विश्वकर्मा,आलोक विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### जनसुरक्षा कैंप का आयोजन हुआ




उदयपुर। ग्राम पंचायत में जनसुरक्षा कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में एलडीएम विदिशा भगवान सिंह बघेल द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के अंदर आने वाले सभी बैंक खाता धारकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना का लाभ सभी पात्र खाताधारकों को मिल सके। इसलिए इस कैंप का आयोजन उदयपुर की ग्राम पंचायत में हुआ। उन्होंने पटवारी, पंचायत सचिव, जीआरएस को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली लाड़ली बहना, पीएम किसान एवं वृद्ध पेंशन के सभी हितग्राहियों के फॉर्म भरकर नजदीकी शाखा में जमा करें। कोई भी खाता धारक बीमा से वंचित न रहे कोई भी व्यक्ति जनधन खाते से वंचित न रहे। कैंप में तहसीलदार अनुराग रावत, पटवारी नरेंद्र राठौर, सचिव ओमप्रकाश सेन, सचिन चौरसिया उपस्थित रहे।

### नाले की साफ, सफाई कराई गई

गंजबासौदा। शुक्रवार को वार्ड नंबर 8 में नालियों एवं जल भराव वाली स्थानों पर नपा सफाई कर्मियों द्वारा साफ, सफाई कराई गई। इस मौके पर आर के नेमा, संतोष प्रभारी दरोगा, सुनील कुमार प्रभारी मेट प्रमुख रुप से मौजूद थे। सुबह के समय सावरकर चौक के पास नाला की स्थिति का जायजा लेते हुए स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान, दरोगा शक्ति सिंह, प्रभारी मेट राजेश चौहान, बलराम शर्मा की उपस्थिति में जेसीबी की सहायता से साफ, सफाई की गई और नपा की ट्रैक्टर ट्रॉली से कचरा फिकवाया गया। इस तरह नाले को पूर्ण रूप से साफ किया गया।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह रघुवंशी का निधन



गंजबासौदा। कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं मुकेश रघुवंशी के पिता, एडवोकेट हर्ष के दादा और पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी के साले कमल सिंह रघुवंशी का 82 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 10 बजे बरेठ रोड स्थित मोना हॉस्पिटल के पीछे निज निवास से पारासरी विश्राम घाट के लिए निकली जाएगी। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। कृषि मंडी के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने मंडी का संचालन कुशलता पूर्वक किया था उनके कई निर्णय आज भी व्यापारियों और किसानों की स्मृतियों में है।

# नाबालिग से दुष्कृत्य के आरोपी को तीन वर्ष की सजा

गंजबासौदा। न्यायाधीश द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ गलत कृत्य करने वाले आरोपी को 3 वर्ष की सजा एवं 7000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने की सजा सुनाई। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश कुमार असैया ने बताया कि अभियोक्त्री ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 5 जून 23 को शाम के समय अभियोक्त्री की मां काम पर गई थी, छोटे भाई-बहन बाहर खेल रहे थे। तभी अभियुक्त आया और उसने पूछा कि मम्मी कहां है, तो उसने बोला अंदर है। उसने अंदर आकर देखा तो मम्मी नहीं थी। तब अभियुक्त बाहर आया और मेरा हाथ पकडकर घर के अंदर ले गया और दरवाजा बंद कर छेड़छाड़ की। अभियोक्त्री ने भागने की कोशिश की तो उसे चांटा मार दिया। इतने में मोहल्ले का लड़का आया उसने आवाज लगाई तो अभियुक्त भाग गया। अभियोक्त्री की सूचना पर शहर थाना में धारा 354, 354 क, 323, 452 भादंवि एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रकरण में अभियोक्त्री के कथन न्यायालय में कराए गए, तब अभियोक्त्री ने न्यायालयीन कथन में बताया कि अभियुक्त द्वारा उसके साथ गलत काम भी किया गया था। तत्पश्चात प्रकरण में धारा 376 (3), 377 भादंवि का इजाफा किया गया। अनुसंधान उपरांत न्यायालय में शहर थाना पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। प्रकरण में अनुसंधान, विवेचना प्रतिभा सिंह द्वारा की गई थी। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए एवं उपलब्ध साक्ष्य तथा अभियोजन के तर्क से सहमत होकर, अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 323 में 3 माह की सजा, धारा 451 भादंवि में 2 वर्ष की सजा एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट में 3 वर्ष की सजा एवं कुल 7000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। धारा 376(3), 377 भादंवि में साक्ष्य के अभाव एवं डीएनए रिपोर्ट नेगेटिव होने से संदेह का लाभ देकर उक्त धाराओं में अभियुक्त को दोषमुक्त किया गया। प्रकरण के निराकरण हेतु आरक्षक कोर्ट मोहर्रिर रीतेश तिवारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।




### संजीवनी किट बांटी



उदयपुर। उदयपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र पर सरपंच द्वारा सेम श्रेणी के बच्चों को पोषण संजीवनी किट का वितरण किया गया। यह किट जन सहयोग से ऐसे बच्चों को दी जा रही हैं जो एनसीआर में भर्ती हुए हैं। किट में बच्चों को स्वास्थवर्धक खाद्य सामग्री दी गई। जिससे बच्चा कुपोषण से बहार आ सके। इस मौके पर सीमा ठाकुर द्वारा पोषण आहार की जानकारी दी गई।

### गत दिवस खुदाई के दौरान निकला था प्राचीन शिवलिंग

# पुरातत्व विभाग की टीम उदयपुर पहुंची, किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

उदयपुर में गुरुवार को खुदाई के दौरान एक प्राचीन शिवलिंग मिला। शुक्रवार दोपहर पुरातत्व विभाग की जिला प्रभारी नम्रता यादव मौके पर पहुंचीं और शिवलिंग की जांच की। जांच के बाद इस प्राचीन अवशेष को गांव के पिसनहारी मंदिर के समीप स्थित पुरातत्व विभाग के संग्रहालय में सुरक्षित रख दिया गया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह शिवलिंग परमार काल का है। उस समय दो से चार फीट तक के शिवलिंग प्रचलन में थे। ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों शिवलिंग में समाहित हैं। पुरातत्व विभाग ने जिस स्थान से शिवलिंग मिला है, उसे सुरक्षित कर लिया है। आने वाले समय में वहां साफ-सफाई कर और खुदाई कराई जाएगी। विभागको उम्मीद है कि इस स्थान से प्राचीन काल के अन्य महत्वपूर्ण अवशेष भी मिल सकते हैं।ग्रामीणों ने शिवलिंग को उसी स्थान पर स्थापित करने की इच्छा जताई थी। लेकिन किसी ने इसकी देखरेख की जिम्मेदारी नहीं ली, इसलिए इसे संग्रहालय में रखा गया। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच और जानकारी के बाद ग्रामीणों की समिति के साथ मिलकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में पुरातत्व विभाग की जिला प्रभारी नम्रता यादव का कहना है कि खुदाई में निकला शिवलिंग बहुत अद्भुत मानव निर्मित शिवलिंग है। इस शिवलिंग में तीन शिवलिंग है मतलब तीन रूप है जो ऊपर का भाग है वह शिवजी, मध्य का भाग विष्णु जी और जो नीचे का चतुष्कोण भाग ब्रह्माजी को दर्शाता है। इस तरह के शिवलिंग परमार काल में ही बनते थे। यह संभवतः 11वीं और 12 वीं शताब्दी का ही शिवलिंग है और यहां मिले अवशेष यह दर्शाते हैं कि यहां कोई परमार कालीन मंदिर रहा होगा।

### दूध डेयरियों की हुई जांच



गंजबासौदा। गुरुवार को भी खाद्दय एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा नगर संचालित दूध डेयरी एवं दूध विक्रेताओं के संस्थानों पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान अधिकारियों द्वारा विक्रय किए जा रहे भैंस एवं गाय के दूध के चार नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे जायेंगे तथा सिरोंज चौराहा स्थित किराना दुकान एवं रजोदा रोड स्थित किराना दुकान से घी के नमूने लिए गए। नमूना एवं निरीक्षण करवाई का सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं किरण किरण श्रीवास्तव द्वारा की गई।

# जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत सेंट एसआरएस पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में योगाचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता एवं रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश जैन के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। खिलाड़ियों एवं उनके मार्गदर्शकों को संबोधित करते हुए राजेश तिवारी ने कहा कि पूरे विश्व में हमारा भारतवर्ष ही युवाओं का देश है, यहां की जनसंख्या की 65% आबादी युवा है। योग से हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से पुष्ट होते हैं। हम एक अच्छे नागरिक बनेंगे तो हमारे भारत माता की जय होगी। जब हम स्वस्थ एवं निरोगी होंगे तो हमारा देश भी स्वस्थ एवं निरोगी होगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास है। स्वस्थ मस्तिष्क में ही अच्छे विचार बनते हैं। यदि हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होंगे, तो अपने देश की सेवा अच्छे तरीके से कर सकेंगे और देश की उन्नति में लगातार प्रयत्नशील होंगे। अध्यक्षता कर रहे योगाचार्य रघुवंशी ने कहा कि योग के आठ आयाम हैं। हमें प्रतिदिन योग कर के अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। उन्होंने योग पर विस्तार से चर्चा कर सभी उपस्थित जनों को जानकारी प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि जैन ने कहा कि जो कार्य हम छुपकर करते हैं, वह सब बुरे हैं और जिन्हें हम सबके सामने करते हैं, वह कार्य अच्छे हैं। प्रतियोगिता में सैण्ट एसआरएस स्कूल, नवांकुर विद्यापीठ, डॉल्फिन स्कूल, संदीपनी स्कूल सीएम राइजिंग स्कूल राजेंद्र नगर, वात्सल्य स्कूल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंजबासौदा, साकेत एमजीएम स्कूल, मानसरोवर एकेडमी, वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ट्रिनिटी स्कूल, अमिता योग एंड वैलनेस एकेडमी, सीएम राइज स्कूल कुरवाई के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों ने अच्छे ढंग से योग का प्रदर्शन किया।

### हल्की बारिश हुई

गंजबासौदा। शुक्रवार को सुबह के समय नगर में हल्की बारिश हुई। जिससे नगर की सड़कें पानी से तरबतर हो गई एवं मौसम में ठण्डक घुल गई।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आप श्रीमति 1. मिथलेश दांगी आयु 47 वर्ष पत्नी स्व श्री राजकुमार दांगी, 2. प्राजिता दांगी, 3. हर्षिता दांगी पुत्रीगण स्व श्री राजकुमार दांगी, के संयुक्त स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम स्वरूप नगर प.ह.नं. 46 तह. गंज बासौदा जिला विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 76/3/1/10 रकवा 0.007 हे. में स्थित एक किता भूमि प्लाट जो पर्व से पश्चिम 50 फिट एवं उत्तर से दक्षिण पूर्व की और 17 फिट एवं पश्चिम की और 13 फिट कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफिट यानि 69.70 वर्गमीटर हैं जिसके पूर्व में पंकज रेकवार का ढावा, पश्चिम एल वी एस की दीवार, उत्तर में खिलान सिंह जी का मकान, दक्षिण में रास्ता स्थित हैं को क्रय करने का अनुबंध कर आंशिक धन अदा कर दिया है अब मात्र विक्रय पत्र का निष्पादन होकर पंजीयन होना एवं भूमि प्लाट का कब्जा लिया जाना शेष रहा है। यदि किसी व्यक्ति विशेष शासकीय अशासकीय अर्द्धशासकीय संस्था सोसायटी बैंक आदि का उक्त भूमि वावत कोई लेन देन या स्वत्व संबंधी विवाद होता हो तो इस जाहिर सुचना के 09/08/2025 तक मेरे कार्यालय में अपने दस्तावेजो सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें समय बाद मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का निष्पादन कराकर कब्जा प्राप्त कर लेगा तदोपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति मानी नही होगी।

**ऋषि बजाज,** अति. शास. अधिवक्ता एवं अपर लोक अभियोजक गंज बासौदा, जिला विदिशा (म.प्र.) मो. नं. 7000889240

खबर संक्षेप

## बीआरसी ने किया शालाओं का निरीक्षण, सेहरी और रामपुर में शिक्षक अनुपस्थित मिले

**रहली।** बीआरसी रहली द्वारा विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया गया जिसमें दो स्कूलों के एक एक शिक्षक अनुपस्थित मिलने पर विभागीय कार्यवाही की जा रही हे। बीआरसी आरडी अहिरवार ने बताया कि जन शिक्षा केंद्र पटना बुजुर्ग के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एकीकृत माध्यमिक शाला सेहरी में पदस्थ विष्णु नामदेव बगैर सूचना अनुपस्थित मिले बी आर सी द्वारा कक्षा 6 एवं 7 के बच्चों से अद्यापन के संबंध में चर्चा की गई बच्चों का स्तर कमजोर पाया गया,सुधार के निर्देश दिए प्राथमिक शाला पटना रामपुर में कार्यरत रमजान खान बगैर सूचना के अनुपस्थित मिले एकीकृत माध्यमिक शाला रामपुर में शैक्षिक व्यवस्थाओं को देखा एवं मध्यान भोजन की पंजी को चेक किया एवं बच्चों के साथ मध्यान भोजन भी चखा, प्राथमिक शाला रानगिर के बच्चों का स्तर कमजोर पाया गया बच्चों का स्तर सुधार हेतु एवं किचन सेट को तत्काल गिराने एवं बच्चों को सुरक्षित स्थान पर बैठने के निर्देश दिए गए है।अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लिखा गया है। बीआरसी के साथ निरीक्षण टीम में बीएसी लीलाधर जाटव, जन शिक्षक राजेंद्र सिंह साथ में रहे।

## किसान चिंतित न हों, खाद की पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर

**सागर ।** किसान भाई खाद उर्वरक के लिए चिंतित न हों उनको उनकी मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उक्त अपील कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने खाद और उर्वरक की समीक्षा बैठक में की। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने कहा कि जिले में आज की स्थिति में 2900 मी टन खाद यूरिया मौजूद है इसके लिए सभी डबल लाख में भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की।

### डेम निहारने व पिकनिक मनाने प्रतिदिन पहुंच रहे हजारों नागरिक

# क्षेत्र में इस वर्ष अच्छी हुई वर्षा केथन डेम का बढ़ा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पिछले 4-5 वर्षो के मुताबिक इस वर्ष क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने से नगर के केथन डेम सहित ग्रामीण क्षेत्रो में छोटे छोटे तालाबो व डेम का जल स्तर काफी मात्रा में बढ गया है। विगत एक सप्ताह से रूक रूक कर हो रही बारिश से अब नागरिको को भी पूरा विश्वास हो गया है कि इस वर्ष नगर के केथन डेम का छरछरा चालू होगा और उक्त छरछरे के नजारे को देखने के लिए हजारो नागरिक केथन डेम पहुचेगें। यदि विगत दो-तीन माह पूर्व की बात कि जाए तो भीषण गर्मी के समय में नगर का एक मात्र शहरवासियो की प्यास बुझाने का सहारा केथन डेम पूरी तरह सूखने के कगार पर था। उस समय आम नागरिको को पानी के लिए काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा था। लेकिन इस वर्ष वर्षा अच्छी होने से आम नागरिको के चेहरो पर एक अलग ही खुशी देखने को मिल रही है। तो वही केथन डेम के बडें जल स्तर को देखने के लिए प्रतिदिन नागरिको की संख्या बढती जा रही है।



### छरछरा चालू होने के लिए कुछ फीट ही पानी कम

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस वर्ष बारिश अच्छी होने और केथन डेम का जल स्तर बडने से यह अंदाजा लगाया जा रहा है। यदि तीन-चार दिन लगातार तेज बारिश का दौर जारी रहा तो कुछ ही दिनो बाद केथन डेम का जल स्तर अधिक बडने पर छरछरा चालू हो सकता है। क्योकि देखा जा रहा है कि विगत वर्षो के मुताबिक इस वर्ष केथन डेम में काफी मात्रा में पानी एकत्रित हो गया है। जिससे कि अब आने वाले भीषण गर्मी के मौसम में नपा शहरवासियो को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कर पाएगी। डैम का जल स्तर बढ़ने से नागरिकों में खुशी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की कमी थी. बांधों में पानी का स्तर बढ़ने से किसानों और स्थानीय लोगों में खुशी है क्योंकि इससे भूजल स्तर में सुधार होगा और पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### दीनदयाल उद्यान पार्क में देखी जा रही भीड़

नगर के लटेरी रोड केथन डेम के समीप पं दीनदयाल उद्यान पार्क में भी लोगों की भीड दिन प्रतिदिन बडती जा रही है। सुबह होते शहरी एंव आसपास ग्रामीण क्षेत्र व दूरदराज के लोग केथन डेम में बडे जल स्तर को देखने के लिए पहुंच है। इस दौरान बच्चे सहित युवा-युवतियों ने पार्क में पिकनिक का आनंद लेते नजर आ रहे है। इसके अलावा यहां भ्रमण के साथ ही वनभोज का आनंद उठाया जा रहा है। डेम और पार्क में जाने के लिए लटेरी रोड पर दिनभर वाहन चालाकों की कतार लगी देखी जा रही है। तो वही भीड को देखते हुए बड़ी संख्या में चाट,फुल्की विक्रेता भी पार्क के बाहर अपने ठेले लेकर पहुंच रहे है। शाम होते-होते यह संख्या हजारों में हो जाती है । डेम को निहारने के साथ-साथ ही लोग पार्क में पहुंचकर सैर-सपाटा भी कर रहें है। इसी के साथ नगर के महामाई माता मंदिर पर भी बडी संख्या लोग केथन डेम के नजारे को देखने व पिकनिक मनाने के लिए पहुंच रहे हैं।

### श्रावण मास में अनुष्ठान जारी

## प्रतिदिन शिव रुद्राभिषेक के साथ महामृत्युंजय जाप का आयोजन



**सिरोंज।** श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर के कुरवाई रोड स्थित अनंत श्री गार्डन में प्रतिदिन श्री पार्थिव शिव निर्माण एवं महारूद्राभिषेक एवं 25 कुंडीय लघुरूद्र यज्ञ का आयोजन धार्मिक एवं उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अनुष्ठान एवं यज्ञाचार्य प. नलिनीकांत शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारों से पार्थिव शिव रूद्राभिषेक एवं लघुरूद्र यज्ञ एवं महामृत्युंजय जाप का प्रतिदिन कराया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के धर्मप्रेमी बंधु एवं यजमान सम्मिलित होकर धर्म-लाभ प्राप्त कर रहे है।

**श्रावण मास में शिव आराधना करना होता है विशेष फलदायी: पं. नलिनीकांत शर्मा:** इस अवसर पर पं. नलिनीकांत शर्मा ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इसलिए इस मास में शिव आराधना करने से भक्तो को विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है। उसे धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चतुष्फल प्राप्त होते है। उन्होंने बताया कि हमारे देश में आये दिन बड़ी बड़ी दुर्घटनाएं हो रही लोगों की अकाल मृत्यु हो रही है ऐसे में जगत मंगल के लिए एवं आत्म कल्याण के विशेष शिवार्चन परम आवश्यक है। श्रावण मास के पवित्र महीने में जो भी शिव भक्त ऐसा करते है उनकी आयु, यश एवं कीर्ति में वृद्धि होती है साथ ही उनके दैहिक, दैविक एवं भौतिक तीनों प्रकार के तापों का शमन होता है। इस अवसर पर उन्होंने नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से इस पवित्र आयोजन में सहभागी बनकर विशेष पुण्यार्चन प्राप्त करने का आग्रह भी किया है।

### दस दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन कार्यक्रम संपन्न

दस दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ 20 जुलाई को मंगल कलश यात्रा एवं श्री गौरी देव पूजन के साथ हुआ था। इसके पश्चात 21 जुलाई से प्रतिदिन पार्थिव शिव रूद्राभिषेक एवं यज्ञ का आयोजन चल रहा है जिसमें प्रतिदिन यजमानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारों से भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन किया जा रहा है। दस दिवसीय इस आयोजन का समापन 29 जुलाई दिन मंगलवार को होगा। इस अवसर पर प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञ की पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण होगा।

## जैन महासंघ, शांति समागम राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे जैन पत्रकार और लेखक

### आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी समारोह 2025 के तहत आयोजन



**सिरोंज।** परम पूज्य पंचम पट्टाधीश,राष्ट्र गौरव, वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागरजी महाराज ससंघ सानिध्य व आशीर्वाद से 20वीं सदी के प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्यश्री शांतिसागरजी महाराज का आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी समारोह के अंतर्गत शांति समागम राष्ट्रीय पत्रकार संगोष्ठी का एक दिवसीय आयोजन जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन महावीर के कुशल संयोजन में होने जा रहा है। इस मौके पर जैन पत्रकार महासंघ पूर्ण सहभागिता निभाते हुए जैन जगत के वरिष्ठ संपादक,पत्रकार,लेखक कार्यक्रम में शामिल होगें। जिनके माध्यम से जैन धर्म की यश कीर्ति और आचार्यश्री शांति सागरजी महाराज के संदेश निरंतर प्रकाशित और प्रसारित किए जाते रहे है। आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी समारोह 2025 के अंतर्गत होने जा रहे बहुउद्देशीय आयोजन में जैन पत्रकारो की उपस्थिति गौरव प्रदान करेगी।

### बेहतर कनेक्टिविटी, डिजिटल सेवाओं के विस्तार और इंटरनेट के बारे में हुई चर्चा

## केन्द्रीय दूर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सांसद डॉ. लता बानखेड़े ने की शिष्टाचार भेंट

**सिरोंज।** सागर सांसद डॉ लता बानखेडे ने दिल्ली पहुचकर केन्द्रीय दूर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर उन्होने अनुरोध करते हुए अनुरोध करते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र में बेहतर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी, डिजिटल सेवाओं के विस्तार और इंटरनेट सुविधा को लेकर विशेष ध्यान दिया



जाए। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 4जी/5जी नेटवर्क, नए मोबाइल टावरों की स्थापना, एवं भारत नेट योजना के तहत फाइबर कनेक्टिविटी को तेज़ी से लागू करने हेतु आग्रह किया गया। जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के क्षेत्र में डिजिटल पहुँच सुलभ हो सके। डिजिटल इंडियाह्व की दिशा में हमारा क्षेत्र भी तेज़ी से आगे बढ़े यही हमारा प्रयास है।

## शिवलिंग निर्माण महोत्सव का कंप्यूटर बाबा के सानिध्य में किया गया समापन

### विद्यार्थियों ने किया शिवलिंगों का निर्माण, बेटियों ने दिखाया शस्त्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मानस सत्संग भवन प्रांगण में राष्ट्रीय हिन्दू सेना के द्वारा दूसरे वर्ष शिवलिंग निर्माण महोत्सव का आयोजन किया गया। 21 जुलाई से प्रारंभ हुए 5 दिवसीय धार्मिक आयोजन में नगर के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने तरीकों से पार्थिव शिवलिंगो का निर्माण किया। इसी के साथ देवी रत्नमणी द्विवेदी द्वारा शिव कथा के माध्यम से छात्रों, धार्मिक श्रद्धालुओं को शिव भक्ति का संदेश दिया गया।





शिवलिंग निर्माण महोत्सव के अंतिम समापन दिवस पर पूजा पब्लिक स्कूल, किडजी स्कूल, एमपी आर्दश स्कूल, शा. बालक हा.से. के छात्र-छात्राओं द्वारा पार्थिव शिवलिंगो का उत्साहपूर्वक निर्माण, अभिषेक पूजन किया गया। समापन अवसर पर कम्प्यूटर बाबा, पं. चन्द्रकांत शास्त्री, कथा व्यास देवी रत्नमणी द्विवेदी, माधव दास जी महाराज की विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर समरसता महाकुंभ मांगरोल के लिए भूमि पूजन मशाल जलाकर लोगो भी जारी किया गया। कम्प्यूटर बाबा ने छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। हिन्दू सेनाके अखिल खरे, तुलसी धाकड़ ने अतिथियों को गीता जी ग्रंथ भेंट कर सम्मान किया।

### बेटियों का शस्त्र प्रर्दशन

समापन दिवस पर नरसिंह अखाडे की बेटियों द्वारा शस्त्र प्रर्दशन किया गया। छात्र-छात्राओं को शिक्षा, संस्कारों के साथ धार्मिक नैतिक आचरण और धर्म की रक्षा के लिए जरूरत होने पर शस्त्र चलाने की दक्षता भी जरूरी है, संदेश दिया।

## 19वां सवा करोड़ सीताराम नाम लेखन प्रारंभ

**सागर।** पुष्य नक्षत्र में सीताराम नाम लेखन प्रेमियो के द्वारा 19 वाँ सवा करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन जप प्रारम्भ किया गया । उक्त जानकारी देते हुये श्री सीताराम बैंक ज़लिा तहसीली शाखा के सहव्यवस्थापक पं. ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि आज दोपहर 3 बजे सीताराम बैंक में हनुमान दुर्गा भैरव धाम मन्दिर के पुजारी एवं बैंक मैनेजर गोपाल प्रसाद शर्मा के द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ लेखन जप होने वाली पुस्तिकाओ का पूजन किया गया । पूजन के उपरांत उपस्थित समस्त लेखन प्रेमियो के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तत्पश्चात लेखन करने के लिये उपस्तिथ लेखन प्रेमियो को 500 कापियो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 8 धर्मप्रेमी बंधु ज़न्हिोने सीताराम लेखन हेतु कोपियो के लिये 10,000 रू की राशी दान की थी उनका भी स्वागत एवं उनको धन्यवाद दिया गया । बैंक मैनेजर शर्मा ने कापी लेने वाले सभी प्रेमियो

### मूंग उपज लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लगी लंबी लाइनें

## वेयर हाउस बने खरीदी केंद्रों के आसपास कीचड़ और जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

6 जुलाई तक क्षेत्र के हजारों किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग बैंचने पंजीयन कराया। 7 जुलाई के स्थान पर क्षेत्र में 14 जुलाई के बाद बमुश्किल कुछ खरीदी केन्द्रों पर मूंग की खरीद तौल प्रारंभ हुई। किसान भारी संख्या में भौडिय़ा, छींद जोड, पिपरिया रोड, गुरारिया रोड एवं अन्य मार्गो के किनारे लम्बी लम्बी लाइनें लगा कर लगातार बारिश के बीच मूंग की तौल होने का 3 से 5 दिनों तक नम्बर आने का इंतजार कर रहे है। ट्रेक्टर ट्रालियों में भरी मूंग को लगातार बारिश के बीच भींगने से बचाना सबसे बडी चुनौती बना हुआ है।



मार्गो पर यातायात प्रभावित, विवाद - क्षेत्र में 16 मूंग खरीदी केन्द्र वेयर हाउसों को बना कर विपणन संघ के द्वारा मूंग खरीदने की जिम्मेदारी सहकारी संस्थाओं को सौंपी गई। एक सप्ताह बिलम्ब से केन्द्र बने और बमुश्किल मूंग की खरीद शुरू हुई। वेयर हाउसों में पूर्व से ही स्टाक बना हुआ है।

बारिश के बीच गोदामों के भीतर बाहर मूं को बारिश से बचाना बडी चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है। प्रत्येक किसान चाहता है, कि उसकी मूंग की तौल हो जाए। इसके लिए हैरान परेशान किसान सर्वेयरों, गोदाम मालिकों, खरीद संस्थाओं की प्रत्येक शर्त मानने के बाद भी उपरी राशि के फेर और धीमी गति से कार्य होने के कारण भारी परेशान है।

4-5 दिनों से सडक़ो के किनारें ट्रेक्टर ट्रालियों में मूंग भर कर लाने वाले किसानों का धैर्य टूटने, विवाद की स्थितियां भी बन रही है। किसानों को टोकन न दिए जाने से उनकी मूंग पास होगी या नहीं, स्लॉट बुक हुआ या नहीं, सक्रिय दलाल टाइप लोगों और दबंगो के कारण किसान लम्बा इंतजार के बाद मूंग की तुलाई के लिए अपने सभी कार्य छोड़ कर वेयर हाउस केन्द्रों पर बने रहना बारिश में भींगना, कीचड का सामना करना मजबूरी बन रहा है।

### कीचड व जल भराव से किसान हो रहे परेशान

मार्गो के किनारे खेतों में बने वेयरहाउसों के आसपास लगातार बारिश का पानी जमा हो रहा है। ट्रेक्टर ट्रालियों के पहियों के कारण कीचड बढने, गड्ढे होने की स्थिति में किसानों का कुछ कदम पैदल चलना भी दूभर और जोखिम भरा हो रहा है। वेयरहाउस खरीदी केन्द्रों पर मनमानी कार्यप्रणाली राशि के लिए दलालों की सक्रियता भी किसानों के लिए भारी परेशानी और मूंग तौल में बिलम्ब का कारण बन रही है।

### नदी-नालों का तेजी से बढ़ रहा जल स्तर, धान की खेती को लाभ

# लगातार तीसरे दिन हुई बारिश, ग्रामीण घरों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बुधवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला गुरूवार के बाद शुक्रवार को भी जारी रहा। सुबह से शाम तक रूक-रूक कर हो रही बारिश से जहां देखो वहां पानी और हरियाली नजर आने लगी है। बारिश से सबसे अधिक लाभ धान की खेती करने वाले किसानों को हो रहा है। बिना ट्यूबवेल चालू किए धान के लिए भरपूर पानी मिलने से किसानों द्वारा धान की तीव्रता से रोपाई की जा रही है।



सावन माह के शुरूआत से ही जमकर बारिश हो रही है। पिछले तीन दिनों से कभी तेज कभी रिमझिम बारिश की लगी झड़ी से क्षेत्र के किसान बडी राहत महसूस कर रहे है। तीन दिनों से सूर्यदेव के दर्शन दुर्लभ बने हुए है। वही रिमझिम बारिश के कारण नगर एवं क्षेत्र की सभी सडक़ो पर कीचड फैलने से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

**सामान्य से अधिक बारिश :** 15 जून से शुरू हुए बारिश के सीजन में नर्मदा क्षेत्र के उदयपुरा में 34 इंच से अधिक, देवरी में 30 इंच से अधिक, बरेली क्षेत्र में 27 इंच से अधिक बारिश हो चुकी है। जबकि बाड़ी में 20 इंच के आसपास बारिश हुई। क्षेत्र में 40-45 इंच वर्ष भर में औसत बारिश होती है। पिछले 35-40 दिनों में वर्ष भर की औसत बारिश के करीब आंकडा पहुंच रहा है। जिससे क्षेत्र के नदी नालों और खेतों में भरपूर पानी हो गया है। भले ही बारना बांध के जलग्रहण क्षेत्र में कम बारिश होने से बांध खाली है। परंतु 23 जुलाई की रात में कुछ घंटो के लिए बारना बांध के 4 गेट खोल कर पानी बाहर भी निकाला जा चुका है।

### हर ओर बढ़ा जल स्तर

पिछले 3 दिनों से हो रही सावन माह में झमाझम बारिश से नदी नालों का जल स्तर बढने के साथ पानी निचले हिस्सों में फैलना शुरू हो गया है। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के मार्गो पर बनी पुलियों, रपटों पर भी पानी आ जाने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। लगातार बारिश से ग्रामीण घरों में ही रहने मजबूर हो रहे है।

## हरियाली अमावस्या पर हुई कुल देवताओं की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

हरियाली अमावस्या के दिन भर बारिश के बीच ग्रामीणों द्वारा पकवान, भोग बना कर अपने कुल देवताओं की विशेष पूजन की गई। ग्राम सिंहपुर में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव कविन्द्र सिंह रघुवंशी ने अपने साथियों, ग्रामीणों के साथ धरती को हरा भरा बनाने के लिए फलदार, छायादार वृक्षों का रोपण किया गया।



भारतीय संस्कृति में हरियाली अमावस्या पर्व का विशेष महत्व है। ग्रामीणों द्वारा श्रावण की अमावस्या को अपने कुल देवताओं की विशेष व्यंजन, भोग, प्रसादी चढा कर पूजन और अच्छी खेती, परिवार की सुख शांति के लिए प्रार्थना की जाती है। क्षेत्र के गांव-गांव में हरियाली अमावस्या पर्व मनाने ग्रामीण परिवार सक्रिय बने रहे।



## नियमों को दरकिनार कर घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से हो रहा व्यावसायिक उपयोग

# होटलों-ढाबों और दुकानों पर खुलेआम हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के हित में बनाए गए नियमों को दरकिनार कर शहर में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवासायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसके बाद भी अध का का द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।

शहर के किसी भी होटल, ढांबों, हाथठेलों, रेस्टोरेंट और दुकानों में व्यवासायिक के बजाए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर लगे हुए नजर आ रहे हैं। शहर में कामर्शियल गैस सिलेंडर कनेक्शन कम है और घरेलू गैस कनेक्शनों की भरमार है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है निर्धारित नियमों को किस हद तक अनदेखी की जा रही है।

यहां बता दें सरकारी व्यवस्था के तहत 5 किलोग्राम एवं 14.2 किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर घरेलू उपयोग के लिए है। आमतौर पर 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर घरों में उपयोग होता है। जबकि 19 किलो वाला गैस सिलेंडर व्या वसाय करने वालों के लिए है। वर्तमान में घरेलू गैस सिलेंडर 1 हजार 31 रुपए और व्यवासयिक सिलेंडर 2 हजार 465 रुपए का है। इनकी कीमत में अंतर होने की वजह से कारो बारी घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं।





### होटलों की जांच से परहेज करते हैं अधिकारी, इसका फायदा उठा रहे संचालक

*होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट में सिलेंडर के उपयोग, साफ-सफाई की बात हो या फिर खाद्य सामग्री की जांच यह कभी कभार ही देखने को मिलती है। इसकी वजह से कारोबारियों द्वारा धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण ही कारोबारी व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करना नहीं चाहते हैं। घरेलू गैस का उपयोग होने के कारण गैस की कालाबाजारी करने वाले भी सक्रिय हैं। होटलों व ढाबों में रसोई गैस का उपयोग ज्यादा होने के कारण आम उपभोक्ताओं को गैस का सिलेंडर महंगे दामों में मिल रहा है।*

### होटलों की जांच से परहेज करते हैं अधिकारी

होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट में सिलेंडर के उपयोग, साफ- सफाई की बात हो या फिर खाद्य सामग्री की जांच यह कभी कभार ही देखने को मिलती है। इसकी वजह से कारोबारियों द्वारा धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है।

विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण ही कारोबारी व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करना नहीं चाहते हैं। घरेलू गैस का उपयोग होने के कारण गैस की कालाबाजारी करने वाले भी सक्रिय हैं।

### इनका कहना है

घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग होने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं था, जल्द ही टीम बनाकर जांच कार्रवाई होगी।

**- राजू काटोलकर,** जिला खाद्य अधिकारी रायसेन।

### गैस सिलेंडरों के उपयोग की मनमर्जी

होटल, ढाबों, ठेलों और दुकानों पर खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा। सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के हित में बनाए गए नियमों को दरकिनार कर शहर में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। शहर के किसी भी होटल, ढाबों, हाथठेलों, रेस्टोरेंट और दुकनों में व्यावसायिक के बजाए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर लगे हुए नजर आ रहे हैं। निर्धारित नियमों को किस हद तक अनदेखी की जा रही है। यहां हम आपको यह बता दें कि सरकारी व्यव स्था के तहत 5 किलोग्राम एवं 14.2 किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर घरेलू उपयोग के लिए है। आमतौर पर 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर घरों में उपयोग होता है। जबकि 19 किलो वाला गैस सिलेंडर व्यावसाय करने वालों के लिए है। वर्तमान में घरेलू गैस सिलेंडर लगभग 858 रुपए और व्यावसयिक सिलेंडर 1800 रुपए का है। कीमत में अंतर होने से कारोबारी घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं।

## वन विभाग सिलवानी की कार्रवाई

# परिवहन करते हुए सागौन वनोपज वाहन समेत जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

वन विभाग सिलवानी द्वारा वन माफियाओं पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। इससे माफियाओ में हड़कंप देखा जा रहा है। कार्रवाही की कड़ी में वनकर्मियों ने वाहन में रखकर अवैध रुप से परिवहन की जा रही सागौन इमारती लकड़ी को वाहन सहित जब्त की। जब्त वनोपज व वाहन की कीमत 8 लाख से अधिक आंकी जा रही है।

मुख्य वनसंरक्षक भोपाल वृत्त भोपाल राजेश कुमार खरे के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी रायसेन प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन एवं उप वनमण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी इंदर सिंह बारे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य के वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार पालेचा अपने दल बल के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। गश्ती के दौरान सूचना मिली कि एक वाहन में सागौन ईमारती भरकर परिवहन की जाएगी। मुखबिर की सूचना रेंजर महेन्द्र पालेचा के द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल दी गई। मुखबिरी की शिनाख्ती के लिए रात्रि में ही दो पृथक पृथक दल गठित कर चोरी रास्तों पर नाकाबंदी की गई। रात्रि लगभग 3 बजे सांईखेड़ा से बम्होरी रोड पर वनकर्मियों को एक वाहन आता हुआ दिखाई दिया जिसे वन अमले द्वारा रुकने का संकेत दिया तो वाहन चालक वाहन को तेज गति से चलाकर भाग गया। वन अमले ने वाहन का पीछा कर बम्होरी से वटेरा मार्ग पर पकड़ लिया, जहां से चालक फरार हो गया।

रेंजर महेन्द्र कुमार पालेचा ने वन अमले के साथ वाहन बोलेरो नंबर एमपी 04 जीबी 2240 की तलाशी ली गई, जिसमें पाया कि सागौन ईमारती के गोल 20 नग भरे थे। मौका पंचनामा तैयार कर वनोंपज की नाप कर सूची तैयार कर जप्तीनामा बनाया गया।

# हाईवे पर मवेशियों का डेरा, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर रोज कहीं ना कहीं आवारा मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। जनता और सड़क पर चलने वाले राहगीर लंबे समय से आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से परेशान हैं। बारिश हुई तो आवारा मवेशी सड़क पर आकर बैठ जाते हैं।

आवारा मवेशियों का सड़क पर हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से आए दिन दुर्घटना होने से लोग परेशान हैं। ये मवेशी आए दिन आपस में भिंड जाते हैं, जिससे सड़क से निकलने वाले वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन का इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं है।

# जिले में नकली खाद की बिक्री जोरों पर, जिम्मेदार खामोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में अमानक खाद, कीटनाशक की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। कृषि महकमे अन्य अधिकारियों को किसानों द्वारा लिखित शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी नींद से नहीं जागे। फलस्वरूप किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

वहीं शुक्रवार को ग्राम बाग़ोद में कृषि विभाग की जांच टीम ने नकली खाद से भरा ट्रक पकड़ा है। कृषि अधिकारी ने बताया कि एक ट्रक में बड़ी मात्रा में नकली उर्वरक लादकर गांव में पहुंचाया जा रहा था। ग्रामीणों को उर्वरक नकली होने का संदेह होने पर इसकी सूचना जिला प्रशासन के आला अफसरों को दी। सूचना प्राप्त होते ही सहायक संचालक कृषि जितेंद्र नामदेव सहित कृषि और राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रक को रोककर उर्वरक की जांच की। ट्रक में डीएपी नकली उर्वरक की 92 बोरियां मिली। जांच में उर्वरक मानकों पर खरी नहीं उतरने पर मौके पर पंचनामा बनाकर उर्वरक सहित वाहन को सलामतपुर थाने में खड़ा करवाया।







### नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ रासुका की हो कार्रवाई

किसान जागृति संगठन के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, संगठन कार्यालय प्रभारी विजय चौकसे ने बताया कि जिले में नकली खाद का अवैध कारोबार किया जा रहा है। यह कारोबार जिला मुख्यालय रायसेन से भी किया गया है। नकली खाद के कारोबारी खाद्य विक्रय केंद्र पर जाकर किसानों से संपर्क करते हैं और डीएपी खाद उपलब्ध कराने की बात करते हैं। किसानों को अपने जाल में फंसाते हैं और उन्हें नकली खाद गांव में उपलब्ध कराते हैं। जिले के ग्राम बागोद में किसानों को नकली खाद डीएपी विक्रय किया जा रहा हे। जानकारी प्राप्त हुई है कि नकली डीएपी खाद का कारोबार जिला मुख्यालय पर विगत 7-8 साल से चल रहा है।

## अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी बाइक



**सलामतपुर।** शुक्रवार दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर एक बड़ा हादसा टल गया। रायसेन निवासी एक युवक अपनी बाइक से लौटते समय अचानक प्लायवुड फैक्ट्री के पास अनियंत्रित हो गया और बाइक सीधे सड़क से नीचे लगभग 5 फीट गहरी खाई में जा गिरी। जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्त को ग्राम नीनोद में काम पर छोड़कर रायसेन लौट रहा था। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण वह संतुलन नहीं बना सका और बाइक रोड से नीचे खाई में गिर गई। हादसे में युवक के हाथ-पैर में चोटें आई हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ निकाली गई कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के सिद्धधाम भूतेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हुआ। कथा से पूर्व प्राचीन भूजी के मंदिर से कलश यात्रा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई भूतेश्वर धाम पहुंचकर समापन हुआ। कलश यात्रा में पं. महेश प्रसाद शर्मा शामिल हुए। कलयर यात्रा में रंग-बिरंगी वेशभूषा में महिलाएं मनमोहक कलश सजाकर चल रही थीं।

भागवत व्यास पं. महेश प्रसाद शर्मा ने कहा कि प्रभु भक्ति के साथ जीवन जीने के मूल मंत्र पर कहा बेहतर जीवन के लिए बेहतर संस्कार और माहौल की जरूरत होती है।

# कलेक्टर ने बैठक में की समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अभी तक उपार्जित मूंग और किसानों को राशि भुगतान की जानकारी लेते हुए कृषि तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों को खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर उपार्जन कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी खरीदी केंद्र से समस्या की जानकारी प्राप्त होते ही त्वरित रूप से निदान किया जाए। उन्होंने उपार्जित मूंग का सुरक्षित भंडारण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मूंग विक्रय के लिए आने वाले किसानों को असुविधा ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मूंग उपार्जन कार्य में अनावश्यक विलंब ना हो एवं किसानों को अधिक समय तक इंतजार ना करना पड़े।

बैठक में उप संचालक कृषि केवी भगत ने बताया कि समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन के लिए 42423 किसानों द्वारा पंजीयन कराया है। मूंग उपार्जन उपरांत किसानों को राशि भुगतान संबंधी कार्यवाही त्वरित रूप से की जा रही है। बैठक में कलेक्टर द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जिले में एकल नल जल योजनाओं तथा समूह नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही रोड रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्ता के साथ समयावधि में किया जाए।

# संस्कार केंद्रों पर मनाया जा रहा हरियाली महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

जनजाति क्षेत्र की शिक्षा विद्या भारती जिला रायसेन भाऊराव देवरस सेवा न्यास भोपाल द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केंद्रों पर हरियाली अमावस्या से लेकर 15 दिन तक हरियाली महोत्सव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमे 124 ग्रामों में 2500 पौधों का रोपण किया जायेगा। हरियाली अमावस्या पर सरस्वती संस्कार केंद्र घाना में जामुन के पौधों का वितरण किया गया एवं जीवन में वृक्षों का होना कितना महत्वपूर्ण है उसका महत्व ग्रामीणो को बताया गया।

श्रीराम कुशवाहा जिला प्रमुख ने बताया कि ग्राम के प्रत्येक घर के एक सदस्य को पौधा दिया और घर घर जाकर पौधरोपण करवाया। इस मौके पर, रामप्रकाश प्रजापति उपसंकुल प्रमुख, चंद्रशेखर ठाकुर, आचार्य गोविंद्र ठाकुर, नंदलाल ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगा भाजपा में पद

# जिला भाजपा कार्यसमिति गठन की तैयारी को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय रायसेन में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक आयोजित की गई। जिसमें आजीवन सहयोग निधि, 27 जुलाई को सुबह 11 बजे होने वाली 'मन की बात' कार्यक्रम की तैयारियों और जिला कार्यसमिति के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला भाजपा संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी प्रदेश कार्यालय भोपाल से आगामी समय के लिए विशेष संगठनात्मक कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। संगठन में 30 प्रतिशत पद महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती देने आत्मनिरीक्षण, समर्पण लग्ननिष्ठा और सक्रियता को आवश्यक बताया।

बैठक का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, समर्पण निधि प्रभारी राजेंद्र अग्रवाल और जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत राजेंद्र अग्रवाल ने आजीवन सहयोग निधि के महत्व और कार्ययोजना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।






बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार हर बूथ पर 100 फीसदी 'मन की बात' की तैयारी करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कार्य समय सीमा में पूर्ण करें और जो कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पूरी ताकत, लग्ननिष्ठा और ऊर्जा से कार्य कर रहे हैं उन्हें ही जिला कार्यकारिणी में स्थान मिलेगा। जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने साफ संकेत दिया कि भाजपा संगठन अब निष्क्रियता के बजाय परिणाम आधारित सक्रियता को प्राथमिकता देगा। आगामी कार्यसमिति में वही कार्यकर्ता को पद मिलेगा जो संगठन के मूल्यों पर खरे उतरते हैं।

जिला संगठन प्रभारी ने दो टूक शब्दों में कहा, "मंडल अध्यक्ष पद कोई स्थायी पद नहीं है। यदि कोई कार्य नहीं कर रहा तो विनम्रता से पद त्याग दे। बैठक का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर ने किया।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (दिशा) समिति की बैठक केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान 26 जुलाई को सुबह 11 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुचेंगे तथा यहां शाम 4 बजे तक दिशा समिति की बैठक में शामिल होंगे। इसके उपरांत शाम 4.30 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण करेंगे तथा शाम 5 बजे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निरीक्षण करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान शाम 5.30 बजे विदिशा के लिए प्रस्थान करेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन (म.प्र.)**

क्रमांक / 652 / न.पा./ निर्माण / 2025-26 — रायसेन, दिनांक 23.07.2025

// ई-निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mpetender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_439380_1 Dt. 23.07.2025 | Construction of 43 Temporary Teen Shed at Bhopal Sagar Road Choraha to Agriculture Department | 180 Days & 22.59 | 5000.00 & 17,000.00 | Dt 27.08.2025 |
| 2 | 2025_UAD_439386_1 Dt. 23.07.2025 | Construction / Strengthening of MRF and Composting Plant Under SBM 2.0 in Ward no 18 at SBM Plant Site Raisen | 365 Days & 83.87 | 5000.00 & 62,950.00 | Dt 27.08.2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetender.gov.in की वेबवाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमति सविता जमना सेन)
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन